प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने देहरा के हरिपुर में 89 पौंग डैम विस्थापितों को प्रदान किए भूमि आबंटन के प्रमाण पत्र।
- प्रदेश के सभी ज़िलों में आगामी 6 जून को होगी भूकंप मैगा मॉकड्रिल–एनडीआरएफ व राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शिमला में जागरूक प्रदर्शनी का किया आयोजन।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रदेश के कई स्थानों पर किसानों को सिखाए जा रहे कृषि की आधुनिक तकनीक के गुर।
- चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में जनजातीय न्याय मंच ने पुलिस अधीक्षक शिमला की भूमिका को बताया संदेहास्पद।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर में 89 पौंगडैम विस्थापितों को भूमि आबंटन के प्रमाण पत्र प्रदान किए। ये परिवार पिछले 50 वर्षों से विस्थापन का दंश झेल रहे हैं और उन्हें अपना दस्तावेज प्राप्त करने के लिए इतने लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब उन्हें उनका अधिकार प्रदान कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष विस्थापित परिवारों को भी निकट भविष्य में भूमि आबंटित की जाएगी और प्रत्येक परिवार को घर बनाने के लिए तीन लाख रूपए की वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिपुर को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाने और चिकित्सकों को आवासीय सुविधा के निर्माण के लिए दो करोड़ रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई अडडे का विस्तार कार्य प्रगति पर है और इससे प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

समिति

झारखंड विधानसभा की लोक उपक्रम समिति सभापति नीरल पूर्ति की अध्यक्षता में हिमाचल के पांच दिवसीय अध्ययन प्रवास पर शिमला पहुंची है। समिति के सदस्यों ने आज प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के साथ शिष्टाचार भेंट की और अपने–अपने राज्यों के कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की। कुलदीप सिंह पठानिया ने समिति के सदस्यों को हिमाचल प्रदेश विधानसभा के इतिहास और विधानसभा में ई–विधान मॉडल के बारे में भी अवगत करवाया।

एनीडीआरएफ प्रदर्शनी

प्रदेश के सभी जिलों में आगामी छः जून को भूकंप मैगा मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। ये मॉकड्रिल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से सभी जिलों में उपमंडल स्तर तक एक साथ आयोजित की जाएगी। इस राज्यव्यापी मैगा मॉकड्रिल को लेकर आज शिमला में टेबल टॉप अभ्यास का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य में सामूहिक परिप्रेक्षय में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने संबंधी विभिन्न मुदों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इस बीच इस मौकड्रिल से पहले आज एनडीआरएफ और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से शिमला स्थित सचिवालय के बाहर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर डैनी के. अटवाल ने बताया कि बरसात से निपटने के लिए टीम तैयार है और लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ के लिए पहाडों में बेतरतीब और अवैज्ञानिक तरीके से निर्माण सबसे बड़ी चुनौती है।

भाजपा

भारतीय जनता पार्टी आने वाले दिनों में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल मनाने के साथ–साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने आज शिमला में बताया कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल के काले अध्याय के 50वें वर्ष जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दो अलग–अलग समितियों का गठन किया है। त्रिलोक कपूर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल– संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंद कुमार बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पांच जून को शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय दीपकमल में इन कार्यक्रमों के लिए एक संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

आईसीएआर

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय केन्द्र शिमला द्वारा आज राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान का गलोट पंचायत से शुभारंभ किया गया। इसके तहत शिमला जिला के टुटू ब्लॉक, पनेश और फगेड़ा गांव शामिल किए गए हैं। इस दौरान खरीफ फसलों विशेषकर मक्की ओर दलहन के लिए व्यापक कृषि पैकेज पर चर्चा हुई जिसमें विभिन्न उपयोगों के लिए अलग अलग किस्में शामिल थीं। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय केन्द्र शिमला के नोडल अधिकारी के. के. प्रमाणिक ने बताया कि ये अभियान किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

कृषि संकल्प अभियान

उधर विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत चंबा जिला के विकास खंड चंबा, मैहला और तिस्सा की विभिन्न पंचायतों में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के प्रभारी व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों व उन्नत बीजों के प्रयोग की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य और संसाधन प्रबंधन को सुधारने के लिए भी क्षेत्रीय स्तर पर मार्ग दर्शन प्रदान किया जा रहा है।

विमल नेगी

एच.पी.पी.सी.एल. के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध मौत मामले में शिमला के पुलिस अधीक्षक की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। विमल नेगी जनजातीय न्याय मंच ने पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली पर संदेह जताते हुए इस मामले में उनकी भूमिका को संदेहास्पद बताया है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान विमल नेगी के मामा राजेन्द्र नेगी ने आरोप लगाया कि इस मामले में शुरू से ही पुलिस की कार्रवाई में पारदर्शिता का अभाव रहा है और आखिरकार पुलिस अधीक्षक शिमला किसके दबाव में काम कर रहे थे।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भारत के आतंकवाद के खिलाफ सैद्धांतिक और दृढ़ रुख के अनुरूप, कई सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व के कई देशों का दौरा कर रहे हैं। ये प्रतिनिधिमंडल अपने अंतरराष्ट्रीय संपर्क के तहत विदेशी नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभावशाली थिंक टैंक, मीडिया

और प्रवासी भारतीयों से संपर्क कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अल्जीरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की सफल यात्रा से आज स्वदेश लौटा। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में बैजयंत पांडा ने इस दौरे को सफल बताया और कहा कि ये देश भारत की चिंताओं को समझते हैं और उन्हें किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।

## ग्रीष्मोत्सव

शिमला ग्रीष्मोत्सव के तीसरे दिन आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर महानाटी का आयोजन किया गया, जिसमें महिला व बाल विकास विभाग के अंतर्गत सुन्नी प्रोजेक्ट की 80 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने भी महानाटी में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश पुलिस ब्रास बैंड के जवानों ने भी अपनी मधुर धुनों से लोगों का मनोरंजन किया। शिमला ग्रीष्मोत्सव के अवसर पर बैंटनी कैसल में हिम ईरा के माध्यम से पहाड़ी आंगन स्थापित किया गया है, जिसमें अलग–अलग प्रकार के व्यंजन, हथकरघा, पारंपरिक परिधान और विभिन्न प्रकार के उत्पादों की प्रदर्शनियां लगाई गई है। इसके अलावा रिज मैदान पुष्प प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें भिन्न–भिन्न किस्मों के फूल और पौधे प्रदर्शित किए गए हैं।

## '' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने देहरा के हरिपुर में 89 पौंग डैम विस्थापितों को प्रदान किए भूमि आबंटन के प्रमाण पत्र।
- प्रदेश के सभी ज़िलों में आगामी 6 जून को होगी भूकंप मैगा मॉकड्रिल–एनडीआरएफ व राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शिमला में जागरूक प्रदर्शनी का किया आयोजन।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रदेश के कई स्थानों पर किसानों को सिखाए जा रहे कृषि की आधुनिक तकनीक के गुर।
- चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में जनजातीय न्याय मंच ने पुलिस अधीक्षक शिमला की भूमिका को बताया संदेहास्पद।